हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, मंगलवार 23 जून 2026

11 पानी के कारोबार पर चला चाबुक, 37 अवैध कनेक्शन काटे



12 बिजली संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम



### चंदोकलां और रायपुर ढाणी के किसानों ने सरकार से लगाई गुहार

# रंगोई खरीफ चैनल पर पुल के निर्माण में देरी से ग्रामीणों में रोष

*करोड़ों का बजट, फिर भी नहीं शुरू हुआ काम*

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

गांव चंदोकलां और रायपुर ढाणी के पास रंगोई खरीफ चैनल पर मंजूर हुए पुल का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू न होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों में प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। हद तो तब हो गई जब मानसून के मद्देनजर सिंचाई विभाग द्वारा चैनल की साफ-सफाई तो की गई, लेकिन उससे निकला मलबा और मिट्टी मुख्य रास्ते पर ही डाल दी गई। इस लापरवाही के कारण ग्रामीणों और किसानों का खेतों तक जाने का एकमात्र रास्ता भी पूरी तरह बंद हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि मलबे और दलदल के कारण किसानों के ट्रैक्टर तक रास्ते में फंस रहे हैं, जिन्हें ग्रामीण खुद कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल रहे हैं।

*लापरवाही के कारण खेतों तक जाने का एकमात्र रास्ता बंद*



रतिया। रंगोई चैनल की साफ-सफाई से निकले मलबे में फसे ट्रैक्टर को निकालते हुए ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

#### फाइलें अभी भी प्रशासनिक मंजूरी में उलझीं

ग्रामीण दरबारा सिंह, गजन, परगट सिंह, हरमेल, गुरमेल सिंह, कुलदीप सिंह और राजन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गांवों और आसपास की ढाणियों के लोग बरसों से इस पुल के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। वर्तमान में स्थिति यह है कि सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए लगभग 1.43 करोड़ का बजट भी मंजूर किया जा चुका है। तैयार योजना के मुताबिक, पानी के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने के लिए इस पुल को राफ्ट फाउंडेशन और दो एबटमेंट के साथ एक मजबूत आरसीसी पुल के रूप में डिजाइन किया गया है। कंस्ट्रक्शन डिवीजन नंबर 7, हिसार द्वारा इस पुल को साल 2025-26 के फ्यूचर एक्शन प्लान में भी शामिल किया जा चुका है और सिंचाई विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी होने के बावजूद धरातल पर ईंट तक नहीं रखी गई है।

#### पूर्व सांसद और उपायुक्त भी दे चुके हैं हरी झंडी

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चैनल पार करने का कोई सुरक्षित साधन न होने के कारण उन्होंने पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को ज्ञापन सौंपा था, जिन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत विभाग को अपनी सिफारिश भेजी थी। इसके अलावा पूर्व में उपायुक्त फतेहाबाद द्वारा भी इस पुल के निर्माण के लिए अपनी आधिकारिक सहमति दी जा चुकी है। इतने बड़े स्तर पर स्वीकृतियां मिलने के बाद भी काम लटका होना प्रशासनिक सुस्ती को बयां करता है।

#### 35 ढाणियों के भविष्य का सवाल, आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि इस पुल के न बनने से चंदोकलां, रायपुर ढाणी और आसपास की करीब 35 ढाणियों के किसानों, मजदूरों और रोजाना स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को मीलों का लंबा चक्कर काटना पड़ता है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस बेहद जरूरी परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत शुरू करवाया जाए।

#### 7.29 करोड़ की कुतियाना माइनर में दरारें



चोपटा। भले ही हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने के लाख दावे करती हो, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही नजर आते हैं। ऐसा ही एक मामला सिरसा जिले की कुतियाना माइनर से सामने आया है, जहां ठेकेदार और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने के आरोप लगे हैं। इसके चलते नवनिर्मित माइनर में जगह-जगह दरारें आने और बार-बार टूटने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा लगभग 7 करोड़ 29 लाख 78 हजार रुपये की लागत से कुतियाना माइनर का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य लगभग 20 प्रतिशत कम दर (विलोव रेट)पर ठेके में दिया गया था। परियोजना के तहत माइनर के साथ-साथ 6 पुलों को ऊंचा करने का कार्य भी शामिल है। यह कार्य पीएस इन्फ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। आरोप है कि खामियों को दूर करने के बजाय केवल लीपापोती की जा रही है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जवाबदेही का भी अभाव देखने को मिल रहा है।किसान नेता जगदीश और प्रदीप कुमार द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार और माइनर में आई दरारों को दिखाया जा रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है।

### कुलां-जाखल मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

## बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



हादसे में मारे गए जशनदीप व संजू।

जिले के जाखल क्षेत्र में देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। कुलां-जाखल मार्ग पर म्योंद गांव के पास दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गांव शकरपुरा निवासी 16 वर्षीय जशनदीप और रतिया के गांव ढाणी लांबा निवासी 30 वर्षीय संजू के रूप में हुई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हर्ष और प्रेम कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस मामले में सोमवार को कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब शकरपुरा निवासी जशनदीप और हर्ष अपनी बाइक पर सवार होकर म्योंद गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पंजाब के पातड़ा से जाखल होते हुए अपनी बाइक पर ढाणी लांबा लौट रहे संजू और प्रेम कुमार की बाइक से उनकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे।

#### दादी के निधन के 10 दिन बाद बुझ गया घर का चिराग

मृतक जशनदीप ने अभी हाल ही में 10वीं कक्षा पास कर 11वीं में दाखिला लिया था। उसके सिर से असमय मौत का साया उठने से पूरे गांव में शोक की लहर है। जशनदीप का परिवार बेहद गरीब है, जहां उसका बड़ा भाई और पिता मजदूरी कर घर चलाते हैं। दिल झकझोर देने वाली बात यह है कि महज 10 दिन पहले ही जशनदीप की दादी का भोग डाला गया था। परिवार अभी दादी की मौत के सदमे से उबरा भी नहीं था कि इस हादसे ने घर का जवान चिराग छीन लिया।

#### पीछे छूट गए दो मासूम और पत्नी

दूसरी बाइक पर सवार मृतक संजू भी मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पाल रहा था। संजू की करीब 10 साल पहले शादी हुई थी। वह अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बच्चों 7 वर्षीय बेटी और 5 वर्षीय बेटा को रोता-बिलखता छोड़ गया है। संजू के पिता और भाई भी दिहाड़ी-मजदूरी करते हैं।

## घोड़ा पछाड़ सांप का सुरक्षित रेस्क्यू

- टोहाना के मनियाना रोड स्थित एक सरकारी गोदाम में दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना के मनियाना रोड स्थित एक सरकारी गोदाम में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां काम कर रहे मजदूरों को चावल के कट्टे उठाने के दौरान एक बड़ा सांप दिखाई दिया। गोदाम में सांप होने की खबर से मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और उन्होंने तुरंत काम रोक दिया। इसके बाद मामले की सूचना तुरंत स्थानीय समाजसेवी एवं सर्प रेस्क्यूअर नवजोत सिंह ढिल्लों को दी गई। सूचना मिलते ही नवजोत सिंह ढिल्लों अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद सांप की जांच की गई तो उसकी पहचान इंडियन रैट स्नेक के रूप में हुई।



फतेहाबाद। गोदाम से सांप पकड़ते सर्प रेस्क्यूअर नवजोत सिंह ढिल्लों।

#### गैर-विषैला है यह सांप

सर्प विशेषज्ञ नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि इंडियन रैट स्नेक पूरी तरह से एक गैर-विषैला सांप होता है। यह मुख्य रूप से गोदामों और खेतों में चूहों को अपना शिकार बनाता है, जिससे चूहों की संख्या नियंत्रित रहती है और फसलों व अनाज का नुकसान नहीं होता। यही कारण है कि इस सांप को किसानों और मानव समाज के लिए बेहद मददगार व लाभदायक माना जाता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु व गर्मी के मौसम में अक्सर जीव बाहर आ जाते हैं। ऐसे में कहीं भी सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और न ही अंधविश्वास या डर के कारण उसे कोई नुकसान पहुंचाएं। सांप दिखने पर तुरंत वन्यजीव विशेषज्ञों या रेस्क्यू टीम को सूचित करें।

### वीएलडीए ने अस्पताल में किया सुसाइड

सिरसा। जिले में वेटरनरी लाइव स्टॉक डिवलेपमेंट असिस्टेंट (वीएलडीए) अशोक कुमार ने आत्महत्या कर ली है। वीएलडीए का शव माधोसिंघाना के पशु अस्पताल में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया है कि अशोक को स्टाफ द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था और उस पर काम का दबाव था। गांव कैरांवाली निवासी अशोक कुमार वीएलडीए के पद पर गांव माधोसिंघाना के पशु अस्पताल में तैनात था। रविवार रात को छुट्टी के दिन भी अशोक अस्पताल में ही था। परिजनों को अशोक द्वारा सुसाइड करने की खबर मिली तो वे अस्पताल में पहुंचे तो अशोक अस्पताल के दूसरी मंजिल के एक कमरे में पंखे से लटका हुआ था।

## मालखाना मामले में पूर्व एसएचओ भेजे जेल

- शराब पेटी घोटाले की जांच तेज, जिले के सभी मालखानों की होगी फिजिकल वेरिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सदर थाना के मालखाने से 211 पेटी शराब गायब होने के चर्चित मामले में गिरफ्तार किए गए पूर्व एसएचओ प्रहलाद सिंह को एक दिन के पुलिस रिमांड के बाद सोमवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए हिसार जेल रवाना कर दिया। वहीं, एसपी निकिता खट्टर ने एएसपी दिव्यांशी सिंगला को रतिया से फतेहाबाद मुख्यालय पर तैनात कर कानून व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है। मामले में सख्ती बरतते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थानों के मालखानों की फिजिकल वेरिफिकेशन करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जब्त किए गए नशीले पदार्थों के रिकॉर्ड का मिलान किया जाएगा।

#### एसआईटी की जांच लंबी चलने के संकेत

मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की पड़ताल अभी शुरुआती चरण में है। एसआईटी प्रभारी डीएसपी जगदीश काजला के अनुसार, पूरे मामले की तह तक पहुंचने में समय लगेगा और जांच में एक माह तक का समय भी लग सकता है।

#### कागजों में नष्ट, हकीकत में कंटेनर में रखी गई थी शराब

जांच में सामने आया है कि सदर थाना के मालखाने में रखी 211 पेटी शराब को रिकॉर्ड में नष्ट दिखा दिया गया था, जबकि वास्तव में इन्हें जब्त किए गए एक कंटेनर में रखवा दिया गया। सूत्रों के अनुसार, इनमें से करीब 21 पेटी शराब पुलिसकर्मियों द्वारा ही इस्तेमाल कर ली गई थी, जबकि शेष शराब को भी खुर्द-बुर्द करने की तैयारी थी। इसी बीच शिकायत मिलने पर पूरे मामले का खुलासा हो गया।

#### पूरे मामले की गहनता से जांच जारी : डीएसपी

एसआईटी प्रभारी डीएसपी जगदीश काजला ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

#### *जिसने मांगी, उसे मिल गई शराब*

*सूत्रों के मुताबिक, कंटेनर में रखी शराब की पेटियों में से पुलिसकर्मियों और उनके परिचितों को भी शराब उपलब्ध करवाई जाती रही। यहां तक कि पूर्व एसएचओ द्वारा अपनी निजी गाड़ी में शराब की पेटी ले जाने की बात भी जांच में सामने आ चुकी है। बताया जा रहा है कि जिस पुलिसकर्मी ने शराब की मांग की, उसे इन्हीं पेटियों में से शराब दे दी गई।*

*ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भूमिका पर भी उठे सवाल: शराब नष्ट करने की प्रक्रिया के दौरान मौजूद रहे ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं ईटीओ रविंद्र की भूमिका भी अब जांच के दायरे में आ गई है। हालांकि, ईटीओ का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक कंटेनर से शराब निकालकर गड्ढे के पास रखी जा चुकी थी।*

### दमकल कर्मचारियों ने की आंदोलन की घोषणा

सिरसा। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने सरकार द्वारा लंबित मांगों को लेकर की गई वायदाखिलाफी के विरोध में फायर अधिकारी को आंदोलन के लिए चेतावनी नोटिस सौंपा। जिला प्रधान राजेश खिचड़ ने बताया कि दमकल कर्मचारियों ने अपनी ज्वलंत मांगों को पूरा करवाने के लिए 8 अप्रैल से 14 मई 2026 तक प्रदेशव्यापी हड़ताल की। हड़ताल के दौरान 13 मई को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में सरकार व यूनियन के मध्य वार्ता हुई। वार्ता में सरकार ने मांगों पर समझौता करते हुए यूनियन को ठोस आश्वासन दिया की तत्परता से इन मांगों पर कारवाई करके इनके पत्र जारी कर दिए जाएंगे, लेकिन अभी तक मानी गई मांगों में से एक भी पत्र जारी नहीं हुआ, जिस कारण से प्रदेश के अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भारी नाराजगी व अविश्वास पनप रहा है।

## हिसार घग्घर ड्रेन सफाई व पानी निकासी को लेकर चौपटा में किसानों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

हिसार घग्घर मल्टीपर्पज ड्रेन की सफाई व पानी निकासी को लेकर हरियाणा-राजस्थान के किसानों ने तहसील कार्यालय नाथुसरी चोपटा में एक बार फिर धरना-प्रदर्शन किया। किसानों ने सिंचाई विभाग के एक्सईन संदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा और 25 जून को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के घर का घेराव करने का ऐलान किया। रोष प्रदर्शन में भादरा के पूर्व विधायक का. बलवान पूनिया, कांग्रेस नेता सुमित बैनीवाल, किसान नेता अभिमन्यु, संदीप धीरणवास, किसान नेता सुरजीत ने विशेष रूप से शिरकत की। क्षेत्र के किसान ट्रैक्टर लेकर रोष-प्रदर्शन में पहुंचे। अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वावधान में आयोजित रोष प्रदर्शन में किसानो ने मांग की कि ड्रेन की सफाई, हेड पर गेट लगवाने और पानी निकासी का स्थाई प्रबंध किया जाए। सुमित बैनीवाल ने कहा कि पिछले काफी वर्षों से ड्रेन की सफाई न होने के कारण मानसून के मौसम में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

**25 को करेंगे सिंचाई मंत्री के आवास का घेराव**



सिरसा। चोपटा में धरना देते किसान।

## रील डालकर 28 वर्षीय युवक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के अशोक नगर में एक 28 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। शादी के महज चार महीने बाद ही युवक द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। युवक ने मरने से पहले सोशल मीडिया पर एक भावुक रील पोस्ट की थी, जो अब चर्चा का विषय बनी हुई है। मृतक की पहचान राहुल उर्फ सोनू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जब राहुल काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आया, तो उसकी मां उसे उठाने के लिए अंदर गई। वहां बेटे का शव फंदे पर लटकता देख मां की चीख निकल गई।



मृतक सोनू का फाइल फोटो।

- चार महीने पहले हुई थी शादी, लगाई भावुक रील, कहा : 'बापू नूं ऐश कराउणी आ'

#### आखिरी संदेश: 'बापू दी टौर बनाउणी आ'

सुसाइड करने से कुछ समय पहले राहुल ने इंस्टाग्राम पर एक रील स्टोरी साझा की थी। जिसमें उसने अपने भाई, माता-पिता और दोस्तों की तस्वीरें लगाई थीं और बैकग्राउंड में पंजाबी गाना 'हो इक दिल दा ख्वाब अधूरा ऐ, बापू दी टौर बनाउणी आ। ओहदे सिर ते ऐश मैं बड़ी कीती, हुण बापू नूं ऐश कराउणी आ' लगाया था।

#### मानसिक तनाव बनी वजह

मृतक के भाई भीम ने पुलिस को बताया कि राहुल पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहा था। सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने वाले राहुल की इंस्टाग्राम आईडी थीं, जिन पर वह अक्सर वीडियो और तस्वीरें साझा करता था। परिजनों को अंदेशा है कि इसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। फतेहाबाद सिटी थाना प्रभारी सुरेंद्रा ने बताया कि मृतक के भाई के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। फिलहाल पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई के तहत मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## महिला सहित तीन तस्कर काबू, करीब 34.5 किलो डोडा चूरा पोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत सीआईए रतिया पुलिस टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए पंजाब के रहने वाले एक महिला सहित तीन नशा तस्करों को भारी मात्रा में डोडा चूरा पोस्त के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से कुल 34 किलो 430 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी एक पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि क्षेत्र में नशीले पदार्थ की सप्लाई होने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अहरवां-रतिया रोड पर स्थित बाबा दीप सिंह नर्सिंग कॉलेज के नजदीक नाकाबंदी की और संदिग्धों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दो संदिग्धों को रोककर जब नियमानुसार तलाशी ली गई, तो उनके कब्जे से कुल 22 किलो 290 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ।



फतेहाबाद। डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार नशा तस्कर। *फोटो: हरिभूमि*



## नगरपरिषद कर्मचारियों ने किया 6 अगस्त से तीन दिवसीय हड़ताल का किया ऐलान

फतेहाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों और सरकार के साथ हुए समझौते को पूरी तरह लागू न किए जाने के विरोध में एक बार फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को आंदोलन का बकायदा नोटिस सौंप दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार के साथ हुए समझौते के बाद भी जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी और अविश्वास का माहौल पनप रहा है। इकाई प्रधान नरेश राणा के नेतृत्व में ईओ से मिले प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश लोट, विजय ढाका, रमेश तुषामड़, वीरू रत्ति, राजाराम चौहान, ओमप्रकाश झलनियां, सत्यवान टाक, अमित गिल आदि कर्मचारी नेता शामिल रहे।कर्मचारी नेताओं ने बताया कि गत 1 से 14 मई तक राज्यव्यापी हड़ताल की गई थी। इस आंदोलन के दौरान 13 मई को सरकार के साथ हुई उच्चस्तरीय बातचीत में संघ की 22 में से 17 मांगों पर सहमति बनी थी।

**धर्म-कर्म** भगवान विष्णु को समर्पित इस व्रत को करने से अपार पुण्य की होती है प्राप्ति

## निर्जला एकादशी 25 जून को, चार शुभ योगों के दुर्लभ संयोग से बढ़ेगा पर्व का महत्व

पाठ, जप, तप, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का और बढ़ जाता है महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

वर्ष में आने वाली 24 एकादशियों में निर्जला एकादशी को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। भगवान विष्णु को समर्पित इस व्रत को करने से अपार पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि देशभर में श्रद्धालु इस पर्व को आस्था और भक्ति के साथ मनाते हैं। इस वर्ष निर्जला एकादशी 25 जून को मनाई जाएगी। खास बात यह है कि इस बार पर्व पर चार शुभ योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे पूजा-पाठ, जप, तप, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का महत्व और बढ़ जाएगा। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 24 जून को रात 8:09 बजे शुरू होगी और 25 जून को रात 9:14 बजे समाप्त होगी।

#### रवि, शिव और सिद्ध योग सहित चार शुभ संयोग



*पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस बार निर्जला एकादशी पर रवि योग, शिव योग, सिद्ध योग और गुरुवार का संयोग बन रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये योग पूजा-अर्चना, मंत्र जाप, दान-पुण्य और आध्यात्मिक साधना के लिए अत्यंत शुभ माने जाते हैं। ऐसे दुर्लभ संयोगों के कारण इस बार का पर्व विशेष फलदायी माना जा रहा है।*

#### 26 को होगा व्रत का पारण

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार निर्जला एकादशी का व्रत रखने वाले श्रद्धालु अगले दिन 26 जून को पारण करेंगे। पारण का शुभ समय सुबह 5:25 बजे से 8:13 बजे तक रहेगा। धार्मिक परंपराओं के अनुसार निर्धारित समय में ही व्रत खोलना शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु को समर्पित निर्जला एकादशी का व्रत बिना अन्न और जल ग्रहण किए रखा जाता है, इसी कारण इसे 'निर्जला' कहा जाता है। इस दिन दान-पुण्य, जरूरतमंदों को भोजन कराना, जल सेवा और भगवान विष्णु की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है।

#### भद्रा का प्रभाव, पूजा में नहीं आएगी बाधा

उन्होंने बताया कि 25 जून को सुबह 7:08 बजे तक भद्रा का प्रभाव रहेगा। हालांकि ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस दौरान भद्रा पाताल लोक में रहेगी, इसलिए व्रत, पूजा और अन्य धार्मिक कार्यों में इसका कोई अशुभ प्रभाव नहीं माना जाएगा। श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पूजा-पाठ और दान-पुण्य के कार्य कर सकेंगे।

#### पूजा-अर्चना के लिए रहेंगे ये शुभ मुहूर्त

1. ब्रह्म मुहूर्त : प्रातः 4:05 बजे से 4:45 बजे तक
यह समय ध्यान, मंत्र जाप और आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।
2. अभिजीत मुहूर्त : सुबह 11:56 बजे से दोपहर 12:52 बजे तक, इस अवधि में पूजा-अर्चना और विशेष धार्मिक अनुष्ठान करना शुभ माना जाता है।

रोहतक, मंगलवार
23 जून 2026
हरिभूमि
सहेली



प्रेम को कभी परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्रेम का तो बस अहसास किया जा सकता है। पति-पत्नी के लिए प्रेम के बहुत अलग और गहरे मायने होते हैं, सिर्फ अपने साथी के लिए जीना, जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे का सहारा बनना। पति-पत्नी का प्रेम कभी एकतरफा बोझ नहीं डालता है। प्रेम में 'मैं' नहीं केवल 'हम' होता है। इस तरह के प्रेम में दंपती एकसार होकर अपना जीवन मधुरता और खुशियों से भर लेते हैं।

# प्रेम न बाड़ी उपजै प्रेम न हाट बिकाय

कवर स्टोरी
डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री



अगर आपसे यह प्रश्न पूछा जाए कि इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली क्या है, तो यह प्रश्न शायद आपको थोड़ा उलझा दे! लेकिन देखा जाए तो इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली है- प्रेम। आप सोच सकते हैं- प्रेम, जो केवल ढाई अक्षर का है, वह भला कैसे उलझा सकता है? जरा एक पल को रुकिए और सोचिए क्या वाकई प्रेम को समझना इतना आसान है? अगर इस पहेली को सुलझाना इतना सहज-सरल होता, तो निश्चित ही हर प्रेम विवाह सफल होता। अपने आस-पास ही देख लीजिए, हजारों युवा बड़े-बड़े वादों के साथ, कभी माता-पिता की सहमति से तो कभी उनके विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं, पर फिर वही प्रेम धीरे-धीरे बिखरने लगता है, और इसके साथ ही बिखरने लगते हैं वादे-कसमें। आखिर प्रेम क्यों बिखरने लगता है? यह प्रश्न हमें उसी पहेली तक वापस ले जाता है, जिसकी बात हमने शुरुआत में की थी।

## प्रेम क्या है

सवाल यह है, जिसे हम प्रेम समझते हैं, क्या वह सच में प्रेम है? कई बार वह केवल आकर्षण होता है, जिसे हम प्रेम का नाम दे देते हैं। यहीं से उलझन शुरू होती है। किसी भी रिश्ते में बंधना जितना सहज है, उतना ही मुश्किल है उसे निभाना, विशेषकर जब रिश्ता पति और पत्नी का हो। यह रिश्ता दुनिया में सबसे अलग और सबसे अनूठा होता है, क्योंकि इसे आपने स्वयं चुना होता है। अगर आपका जीवन साथी आपके माता-पिता का चुनाव भी हो तो भी पति-पत्नी के संबंध का सर्वोच्च आधार सिर्फ और सिर्फ प्रेम होता है। वह 'प्रेम' जो ना तो शर्तों पर टिका होता है और ना ही अपेक्षाओं का एकतरफा बोझ डालता है। वह तो निरंतर निर्झर बहने वाली नदी के समान है, जो कभी थमती नहीं। प्रेम देह से ऊपर है, बुद्धि से ऊपर है, दिखावे और प्रसिद्धि से भी बहुत ऊपर है। उसका संबंध केवल हृदय से होता है। हमारे उस छोटे से दिल में, जो भले ही मुट्ठी भर का है, पर अपने भीतर पूरी दुनिया को समेट लेने की क्षमता रखता है। विश्वास कीजिए, प्रेम को किसी परिभाषा में बांधा नहीं जा सकता, इसका कोई तय नियम नहीं होता। प्रेम समर्पण है, अपनापन है और सबसे बढ़कर प्रेम 'मैं' नहीं, 'हम' होता है।

## समझिए प्रेम के सही मायने



आप क्या वाकई जानना चाहती हैं कि 'प्रेम' क्या है? तो एक छोटी-सी घटना सुनिए। कुछ दिन पहले अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का एक साक्षात्कार देखा, जिसमें वह अपने पिता बोनी कपूर के साथ बैठी थीं। बोनी ने जाह्नवी को बताया कि उनकी मां (अभिनेत्री श्रीदेवी) चाहती थीं कि वह अपना वजन कम करें, इसलिए वह उन्हें टहलने के लिए प्रेरित करती थीं। श्रीदेवी की जिद पर एक दिन वह उनके साथ टहलने जाने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने जूते तो पहन लिए, पर झुककर फीते बांधना उनके लिए सहज नहीं था। बिना कुछ कहे ही श्रीदेवी ने उनकी इस परेशानी को समझ लिया और उनके जूतों के फीते बांध दिए। बोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अरे, यह तो ढीला है।' जब श्रीदेवी ने दोबारा बांधा, तो उन्होंने फिर कहा, 'यह तो बहुत टाइट हो गया।' यह सिलसिला यूं ही कुछ देर चलता रहा, लेकिन इस पूरे समय श्रीदेवी बिना किसी अधीरता के, मुस्कुराते हुए, हर बार उनके जूतों के फीते ठीक करती रहीं।



इस घटना को पढ़कर आप चौंक गए न! स्वाभाविक भी है, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी के लिए, विशेष कर लड़कियों के लिए तो ऐसा कुछ करना उनके आत्मसम्मान के खिलाफ होगा या इससे भी बढ़कर वह इसे पति की गुलामी का नाम देंगी। एक उदाहरण और, बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाली अनुराधा को एक दिन किसी कारणवश बैंक जाने में देरी हो रही थी, वह हड़बड़ा गई। तभी उसे यह भी ध्यान आया कि उसके कपड़े प्रेस नहीं हैं। अनुराधा की यह परेशानी उसके चेहरे पर aझलकने लगी। उसके पति, जो एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं, बिना उसके कुछ कहे ही उसकी हड़बड़ाहट देखकर सब समझ गए और उसके कपड़ों पर प्रेस कर दिए, बिना कुछ कहे-सुने। अपने साथी की उलझन को समझना और उसे मुस्कुराते हुए सुलझा देना ही प्रेम है। अनुराधा को याद नहीं कि कितनी बार जल्दी में वह खाना छोड़कर निकलना चाहती है, तो पति स्वयं तैयार होते-होते भी उसके मुंह में रोटी का कौर रख देते हैं और कहते हैं, 'घर से भूखे नहीं निकलना चाहिए।' यकीनन बहुत सारे लोगों के लिए यह दृश्य बिल्कुल भी सहज नहीं है, क्योंकि आदमी की जो छवि समाज ने गढ़ी है, यह उसके बिल्कुल विपरीत है। पर सच्चा प्रेम यही तो है, बिना किसी की परवाह किए सिर्फ अपने साथी के लिए जीना। जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे को सहारा देना और बिना कुछ कहे एक-दूसरे की पीड़ा को समझना।

## प्रेम कब तोड़ता है दम

प्रेम तब दम तोड़ने लगता है, जब हम एक-दूसरे के साथ मुस्कुराना छोड़ देते हैं, एक-दूसरे की परवाह करना छोड़ देते हैं और एक-दूसरे के दर्द को समझने की कोशिश नहीं करते। इसी के साथ जब हमारे भीतर सिर्फ 'मैं' ही प्रमुख हो जाता है, तब रिश्ते के जीवित रहने की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि किताबों में लिखी हुई 'नारी स्वतंत्रता', 'नारी मुक्ति' की परिभाषाएं और समाज द्वारा सिखाई गई 'मर्दानगी' की कहानियां प्रेम की गहराई के सामने टिक नहीं पातीं, क्योंकि प्रेम इन सब से बहुत ऊपर होता है।

## प्रेम में 'मैं' नहीं 'हम'

'प्रेम' जीवन है, इसे किसी भी वस्तु से खरीदा नहीं जा सकता, ना ही इसे विवश करके पाया जा सकता है। इसे पाने का केवल एक ही रास्ता है, और वह है 'मैं' का त्याग। तो चलिए प्रेम को जीते हैं और 'मैं' को किसी ऐसी गली छोड़ आते हैं, जो कभी 'हम' तक वापस ना आ सके।

# क्या आप भी अपने बच्चे का हद से ज्यादा ख्याल रखते हैं

कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को बहुत ज्यादा प्रोटेक्ट करते हैं, इस तरह ओवरप्रोटेक्शन से बच्चों का कॉन्फिडेंस कमजोर होता है। वे अपनी छोटी से छोटी प्रॉब्लम से भी घबरा जाते हैं। आपके बच्चे स्ट्रॉन्ग बनकर जीवन में सफल रहें, इसके लिए जरूरी है उन्हें बहुत ज्यादा लाड़-प्यार ना दें, उन्हें सेल्फ डिपेंड बनाएं। यह उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत जरूरी है।

परवरिश
ललिता गोयल



सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं कि उनके बच्चे को कभी भी किसी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। इस चाहत में कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हद से ज्यादा लाड़-प्यार या ओवरप्रोटेक्ट करते हैं। लेकिन इस तरह ओवरप्रोटेक्शन यानी ओवर पैंपरिंग बच्चों को इंडिपेंडेंट बनने से रोक सकती है। आगे चलकर बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हो जाते हैं।

**संतुलित रखें अपना लाड़-प्यार:** बचपन सिर्फ बच्चों के खेलने, आराम करने और पैरेंट्स की छत्रछाया में सुरक्षित रहने का समय नहीं होता है। यह वह समय भी होता है, जब वे सीखने और मजबूत बनने के प्रोसेस में होते हैं। इस प्रोसेस में अगर हर बार पैरेंट्स बच्चे के लिए सब कुछ कर देंगे, तो बच्चा जीवन के उतार-चढ़ाव को संभालने की क्षमता विकसित नहीं कर पाएगा। बड़ा होकर वह छोटे-छोटे फेलियर से डरने लगेगा या बहुत जल्दी हार मान लेगा, क्योंकि उसने कभी निराशा, इंतजार या संघर्ष को अनुभव ही नहीं किया होता है। कोई भी चीज हद से ज्यादा हो तो फायदे की जगह नुकसान ही पहुंचाती है। इसलिए बच्चों का लाड़-प्यार भी हमेशा संतुलन में होना चाहिए।



**बच्चों का विकास रुकता है:** बच्चे का ज्यादा ख्याल रखना या ओवर-प्रोटेक्शन, बच्चों के विकास को रोक सकता है। ऐसे बच्चे आत्मनिर्भर नहीं बन पाते, समस्याओं का सामना करने से डरते हैं, चुनौतियों का सामना करने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान माता-पिता द्वारा किए जाने पर बच्चों को अपनी क्षमता पर संदेह होने लगता है। वे भविष्य में मुश्किल परिस्थितियों में घबरा जाते हैं। ऐसे बच्चे हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और अपनी उम्र के अनुसार जिम्मेदारियां नहीं सीख पाते।

**प्यार जताएं-बिगाड़ें नहीं:** बच्चे को आरामदायक माहौल दें लेकिन उनकी हरेक डिमांड पूरी न करें। उसे 'ना' सुनना भी सिखाएं, क्योंकि हर मांग पूरी करने से बच्चे जिद्दी हो सकते हैं। अपनी मांग पूरी करवाने के लिए वे कोई गलत कदम भी उठा सकते हैं।

**जिम्मेदारियां सौंपें-आत्मनिर्भर बनाएं:** बचपन से बच्चे को आत्मनिर्भर बनाएं। जब बच्चा खेलने के बाद अपने खिलौने समेटने की कोशिश करे, तो उसे समेटने दें। खुद न समेटें, जब पैरेंट्स बच्चे के सारे काम खुद करते हैं या उसे हर परेशानी से बचाते हैं, तो वह कभी-भी अपनी समस्याएं खुद सुलझाना नहीं सीख पाता। जो बच्चे हमेशा सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे जीवन में छोटी-मोटी हार या असफलता का सामना नहीं कर पाते। इसलिए उनकी उम्र के अनुसार उन्हें घर के छोटे-छोटे काम जैसे पौधों में पानी डालना, फ्रिज में पानी की बोतल भर का रखना खुद करने दें। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

**गलतियों से सीखने दें:** बच्चों से कोई गलती होने पर उसे बचाने के बजाय उन्हें अपनी बात रखने दें, अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को सही गाइडेंस, इमोशनल सपोर्ट और सीमित आजादी के साथ अपने अनुभवों से सीखने का मौका दें। बच्चों को गलतियां करने दें और उनसे सीखने का मौका दें। प्यार का मतलब केवल सुरक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को उनके आने वाले जीवन के लिए तैयार करना भी होता है।

**बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाएं:** बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाना भी उतना ही जरूरी है, जितना उन्हें प्यार और सुरक्षा देना, इसलिए पैरेंट्स को बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

**(साइकोलॉजिस्ट डॉ. श्रुति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# हरियाली से भर उठेगा आपका मिनी बालकनी गार्डेन

अगर आपके पास गार्डेनिंग के लिए ज्यादा स्पेस नहीं है तो भी अपनी बालकनी में आप मिनी बालकनी गार्डेन बना सकती हैं। इसके लिए क्या करना होगा, जानिए।

गार्डेनिंग
अनु आर.

हालांकि अभी उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बारिश शुरू हो जाएगी। पहली बारिश की बूंदें केवल धरती को ही नहीं मन को भी तरोताजा कर देती हैं। यही वह समय होता है, जब पौधे तेजी से बढ़ते हैं। इसीलिए बागवानी का शौक रखने वालों को यह मौसम सबसे अच्छा लगता है। लेकिन शहरों में फ्लैट्स या छोटे मकानों में रहने वाले लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या होती है, किचेन गार्डेन के लिए पर्याप्त जगह का न होना। सवाल है, क्या फिर जिनके पास अपने आंगन में या घर के बाहर किचेन गार्डेन की जगह नहीं है, वे गार्डेनिंग के अपने शौक को मन में ही दबाकर रखें? ऐसा नहीं है। लगभग सभी फ्लैट्स में बालकनी तो होती ही है। आने वाले बारिश के दिनों में यही बालकनी, प्रकृति से जुड़ने का एक आसान जरिया बन सकती है।



**मिनी बालकनी गार्डन का ट्रेंड:** इन दिनों बड़े शहरों में, खासतौर पर मल्टीस्टोरे अपार्टमेंट्स में मिनी बालकनी मानसून गार्डन का नया चलन तेजी से शुरू हुआ है। इसमें छोटी-सी बालकनी को भी कुछ गमलों, लटकने वाले पौधों और मौसमी सब्जियों के पौधों के जरिए एक प्यारी-सी हरी-भरी दुनिया में तब्दील किया जा सकता है। यह केवल घर की सुंदरता को नहीं बढ़ाता बल्कि आपकी मानसिक शांति, ताजी हवा और ताजा भोजन का स्रोत भी बनता है। आने वाले बारिश के दिन आपके मिनी बालकनी गार्डन को तैयार करने में बहुत सहायक हो सकते हैं।



**लगाएं ये पौधे:** अगर आप पहली बार अपनी छोटी-सी बालकनी को मानसून गार्डेन में तब्दील कर रही हैं, तो ऐसे पौधों को चुनें, जिनकी देखभाल करनी बहुत आसान है। मसलन तुलसी, पुदीना, हरी धनिया, हरी मिर्च, करीपत्ता। ये पौधे सिर्फ बालकनी की हरियाली में इजाफा नहीं करते बल्कि ये आपकी रसोई में नए-नए स्वादों का इजाफा भी करते हैं। जहां तक फूलों की बात है तो इस मौसम में गेंदा, जिनिया, बालसम और सदाबहार के पौधे अच्छी वृद्धि करते हैं। इनके रंग-बिरंगे फूल बालकनी को हरियाली के साथ रंगीन भी बना देते हैं।

**वर्टिकल गार्डेनिंग है ऑप्शन:** छोटी बालकनियों में ज्यादा पौधे लगाने के लिए वर्टिकल गार्डेन एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें पौधों को दीवारों, स्टैंड या लटकते गमलों में लगाया जाता है। इस तकनीक में पौधे जगह बहुत कम घेरते हैं। पुराने प्लास्टिक कंटेनर, बोतलें और लकड़ी के बक्सों का रचनात्मक प्रयोग भी वर्टिकल गार्डेन स्टैंड के रूप में किया जा सकता है।

**इस बात का रखें विशेष ध्यान:** बारिश के पानी में प्राकृतिक उर्वरता होती है। इसलिए इसमें पौधे न सिर्फ खूब हरे भरे रहते हैं बल्कि तेजी से बढ़ते भी हैं। हालांकि लगातार बारिश होने पर पौधों के गमलों में अगर ज्यादा पानी इकट्ठा हो जाए तो उसे तुरंत निकाल देना चाहिए, नहीं तो पौधों को नुकसान होता है।

**मिलते हैं ये फायदे:** यह छोटा-सा गार्डन हमारे मन को प्रसन्न रखता है, हमारी सोच को सकारात्मक बनाता है और हमें तरोताजगी से भरता है, जिसमें हम थकते नहीं बल्कि उत्साह से भरे रहते हैं। इसकी वजह से घर और भी खूबसूरत दिखता है।

# तेजी से हो रहा पॉपुलर नो-मेकअप लुक

मेकअप
नीलोफर

उमस भरी गर्मी का यह मौसम स्किन पर भी प्रभाव डालता है। बार-बार होने वाला पसीना और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण चेहरे पर मेकअप टिक नहीं पाता है। इसीलिए इस सीजन के लिए नो-मेकअप लुक का ट्रेंड पॉपुलर हो रहा है।

**क्या है नो-मेकअप लुक:** नो-मेकअप लुक का मतलब मेकअप बिल्कुल न करना नहीं होता है। इसका मतलब है, त्वचा को इतना स्वस्थ और स्वाभाविक रूप से चमकदार बनाना कि बिना हैवी मेकअप के भी वह आकर्षक दिखाई दे। यह लुक वास्तव में चेहरे की नेचुरल ब्यूटी को उभारता है और त्वचा को सांस लेने का मौका देता है। इसलिए उमस भरी गर्मी और बारिश के दिनों में सुंदर दिखने का सबसे सरल तरीका है, त्वचा की बुनियादी देखभाल पर ध्यान देना। त्वचा साफ, हाइड्रेटेड हो और स्वस्थ हो तो उसे छुपाने के लिए अधिक मेकअप करने की जरूरत नहीं पड़ती है।



**इसलिए हो रहा पॉपुलर:** नो-मेकअप लुक इसलिए भी पॉपुलर हो रहा है क्योंकि आज बहुत सारी महिलाएं केवल कॉस्मेटिक्स पर निर्भर रहने की बजाय अपने नेचुरल लुक को स्वीकार करने लगी हैं। जब किसी विशेष अवसर पर थोड़ा मेकअप करना भी हो तो केवल टिंटेड मॉयश्चराइजर, हल्का कॉम्पैक्ट पावडर, मस्कारा और लिप बाम लगाना ही पर्याप्त होता है।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** नो-मेकअप लुक के लिए, मेकअप की शुरुआत से पहले चेहरे की सफाई करें। इन दिनों की उमस और आने वाले बारिश के मौसम में भी धूल के साथ नमी, त्वचा के रोमछिद्रों में जमा हो जाती है। इसे हटाने के लिए ऐसा फेशवॉश चुनें, जो त्वचा को साफ करे, लेकिन उसका नेचुरल मॉयश्चर न हटाए। इसके बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। उमस में नमी की कमी होने पर त्वचा और अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर बेहतर विकल्प है।

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं:** अभी तो तेज धूप हो ही रही है, बारिश के मौसम में भी बादलों के पीछे छिपा सूरज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करना चाहिए। यह त्वचा को टैनिंग, पिग्मेंटेशन और समय से पहले बूढ़ा दिखने से बचाती है। सनस्क्रीन नो मेक-अप ग्लो को बरकरार रखने में मददगार होती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** इस उमस भरे मौसम में कुछ सरल उपाय से आपको नो-मेकअप लुक कैरी करने में मदद मिलती है। जैसे दही और बेसन का फेस पैक त्वचा की सफाई करता है। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है, जबकि गुलाब जल ताजगी का एहसास देता है। हालांकि किसी भी घरेलू उपाय का उपयोग करने से पहले त्वचा की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। जो उपाय किसी पर अच्छा असर देता है, जरूरी नहीं कि दूसरे पर भी वही परिणाम दे।

# सिंगल वुमेन न बरतें लापरवाही जरूर करवाएं ये मेडिकल टेस्ट

बढ़ती उम्र में सभी महिलाओं, खासतौर पर सिंगल वूमेन को अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना चाहिए। आपके भीतर पनप रही किसी बीमारी का शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए, इसके लिए रेग्युलर कुछ चेकअप और टेस्ट कराना जरूरी है। कौन से हैं ये टेस्ट, आपको जरूर जानना चाहिए।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. रेनू अग्रवाल
गायनेकोलॉजिस्ट

अधिकांश महिलाएं पूरे घर के लोगों की सेहत का ध्यान रखती हैं लेकिन जब अपनी सेहत की देखभाल की बारी आती है तो वे खुद को अकसर इग्नोर करती हैं। फैमिली के साथ रहने वाली महिलाओं का ध्यान रखने के लिए तो फिर भी अन्य सदस्य होते हैं लेकिन सिंगल वुमेन (जो शादी नहीं करतीं या तलाक ले चुकी हैं या विडो हैं) में उम्र बढ़ने पर अकेलेपन के कारण तनाव का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे उनमें कई हेल्थ इश्यूज होने की आशंका तक बढ़ जाती है। इसलिए सिंगल वुमेन को समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट अवश्य करवाते रहना चाहिए ताकि बीमारी का पता चलने पर उसका समय रहते उपचार कराया जा सके।

**पैप स्मीयर टेस्ट:** यह टेस्ट सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय के कैंसर का पता लगाने के लिए सबसे प्राथमिक और प्रभावी तरीका होता है। इस टेस्ट को 21 वर्ष की आयु के बाद हर 3 साल में जरूर करवाना चाहिए।



**बोन डेंसिटी टेस्ट:** बोन डेंसिटी टेस्ट में एक विशेष प्रकार के एक्स-रे के द्वारा स्पाइन, कलाइयों, कूल्हों की हड्डियों की डेंसिटी मापकर इनकी शक्ति का पता लगाया जाता है ताकि हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से पहले ही उनका उपचार किया जा सके।

**ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग-मैमोग्राम :** इस टेस्ट से ब्रेस्ट कैंसर होने का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट को 40 वर्ष की आयु से हर 1 या 2 साल में डॉक्टर की सलाह पर करवाना चाहिए। इस टेस्ट में क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (सीबीई) में स्तन कैंसर की जांच की जाती है।

**ब्लड प्रेशर टेस्ट:** हार्ट को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लड प्रेशर 140/90 से अधिक है तो दिल पर दबाव पड़ता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी फेल होने की आशंका बढ़ जाती है। यह टेस्ट साल में 1 बार जरूर कराएं।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट:** महिलाओं में थायरॉइड असंतुलन की समस्या बहुत आम है, जिससे उनका वजन, मूड और पीरियड्स प्रभावित होते हैं। यह टेस्ट साल में एक बार करवाना चहिए।



**ब्लड शुगर टेस्ट:** 35 वर्ष की उम्र के बाद हर 3 साल में सिंगल वुमेन को फास्टिंग ब्लड शुगर और एचबीए1सी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इस टेस्ट से रक्त में शुगर के स्तर का पता लगाया जाता है।

**ओवेरियन सिस्ट टेस्ट:** पेट के निचले हिस्से में दर्द, अनियमित मासिक धर्म, पीरियड्स के दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग हो तो ओवेरियन सिस्ट का टेस्ट कराना चाहिए। छोटे आकार के सिस्ट अपने आप ठीक हो जाते हैं। सिस्ट 1 इंच से बड़ा हो तो ओवेरियन कैंसर होने की आशंका होती है।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** इस टेस्ट से दिल की बीमारियों की चपेट में आने की संभावना का पता चलता है। यह टेस्ट 3 वर्ष में 1 बार करा लेना चाहिए। रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य से अधिक आता है, तो हर 6 से 12 महीने में यह टेस्ट कराना चाहिए।

**प्रस्तुति: ललिता गोयल**

## खबर संक्षेप

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान ढाणी लिंबा क्षेत्र से एक युवक को 8 ग्राम 360 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुखबीर सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान ढाणी लिंबा, सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुड़कर वहां से भागने का प्रयास किया।

### डेरा सतराम भारा में 28 को लगेगा जांच शिविर

**फतेहाबाद।** डेरा श्री सतराम भारा की ओर से ब्रह्मलीन गुरु श्री श्री राम बावा जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 28 जून को निःशुल्क हड्डी एवं नेत्र रोग जांच शिविर तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम डेरा श्री सतराम भारा, पानी वाली टंकी के नजदीक बस्ती भीवा, फतेहाबाद में आयोजित होगा। डेरा के गद्दीनशीन गुरु दीनदयाल बाबा के सानिध्य में आयोजित होने वाला यह सेवा कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जबकि लंगर प्रसादी दोपहर एक बजे शुरू होगी।

### आरटीए सचिव ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**फतेहाबाद।** आरटीए सचिव संजय बिश्नोई ने लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों को सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रस्ताव आमंत्रित

**फतेहाबाद।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के अंतर्गत अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से छात्रावास घटक लागू किया जा रहा है। जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र संस्थाओं को अनुसूचित जाति विद्यार्थियों के लिए नए छात्रावासों के निर्माण, विद्यमान छात्रावासों के विस्तार तथा मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### घर में घुसकर तोड़फोड़ के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़फोड़ मचाने तथा नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए गुरुनानकपुरा चौकी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुनानकपुरा मोहल्ला निवासी रवि कुमार पुत्र गुरमीत सिंह को काबू किया है। इस मामले में पुलिस अब तक कुल छह आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

### रस्साकशी में रामनगर कालोनी प्रथम

**रतिया।** श्री गुम्मटसर स्पोर्ट्स टैलेंट लाइव ट्रस्ट द्वारा एथलेटिक्स मीट व सांस्कृतिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि दविंद्र सिंह थिंद हमजापुर एवं वेद गोयल कमाना ने शिरकत की। आयोजक हरदीप सिंह ने बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता में रामनगर कालोनी प्रथम व गुम्मटसर एकैडमी द्वितीय रही, वहीं हैंडबाल प्रतियोगिता में नाहरका मोहल्ला प्रथम व एम. के. एकैडमी द्वितीय रही। भांगड़ा प्रतियोगिता में जिसमें खुशी, प्रीत, पूजा, कणिका, सुमन कौर एवं राजू की टीम प्रथम व गिन्नी, हैप्पी, कर्ण, रणवीर, सहज एवं कार्तिक की टीम दूसरे स्थान पर रही।

## काम में बाधा डालने पर वाले सर्विस स्टेशन मालिक के खिलाफ शिकायत दर्ज

# पानी के कारोबार पर चला चाबुक, 9 सर्विस स्टेशनों सहित 37 अवैध कनेक्शन काटे

### जनता की शिकायतों पर एक्शन, सुधरा वाटर प्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

शहर में पीने के पानी की बर्बादी रोकने और आमजन को सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, फतेहाबाद ने सोमवार को फिर कड़ी कार्रवाई की। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते से मिली इनपुट के आधार पर विभाग की टीम ने टोहाना रोड, बुढलाडा रोड और लाली रोड पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 9 सर्विस स्टेशनों, हरे चारे व सब्जियों के 12 कनेक्शनों और 16 अन्य खुले चल रहे अवैध कनेक्शनों को मौके पर ही काट दिया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति का दबाव तुरंत सुधर गया है, जिससे पिछले लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। कार्रवाई के दौरान टोहाना रोड स्थित श्री गुरु नानक सर्विस स्टेशन पर हंगामा खड़ा हो गया। इस सर्विस स्टेशन पर पीने के पानी की सप्लाई से दो अवैध कनेक्शन जोड़कर गाड़ियां धोई जा रही थीं। जब विभाग की टीम इन कनेक्शनों को काटने पहुंची, तो मालिक ने सरकारी काम में अड़ंगा डालते हुए टीम के साथ अभद्र व्यवहार और बदतमीजी शुरू कर दी। मामला बढ़ता देख



**रतिया।** सर्विस स्टेशन पर पेयजल कनेक्शन काटती विभाग की टीम।

अधिकारियों ने तुरंत डायल 112 को फोन कर पुलिस सहायता बुलाई। पुलिस की मौजूदगी में दोनों अवैध कनेक्शन काटे गए। विभाग ने आरोपी सर्विस स्टेशन मालिक के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और दुर्व्यवहार करने की लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी है। जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार शर्माचंद लाली का कहना है कि पीने का पानी अनमोल है। इसका व्यावसायिक इस्तेमाल या गाड़ियां धोने के लिए उपयोग करना कानूनी अपराध है। माननीय मंत्री श्री रणबीर गंगवा और हरियाणा सरकार के हर घर को शुद्ध और पर्याप्त जल के सपने को साकार करने के लिए विभाग निरंतर ऐसी कार्रवाई जारी रखेगा।

विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमनदीप कुमार ने बताया कि इन अवैध कनेक्शनों के कारण पूरे इलाके में पानी का प्रेशर न के बराबर था और लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा था। निरीक्षण के दौरान पानी की भारी चोरी पकड़ी गई। अब ये कनेक्शन कटने से पाइपलाइनों में पानी का दबाव सामान्य हो गया है और आखिरी छोर तक पानी पहुंचने लगा है। विभाग ने सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा पानी की चोरी या दुरुपयोग पाया गया, तो सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने में खंड संयोजक कुलदीप सिंह और पृथ्वी सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा विभागीय टीम में दलवीर सिंह धोलू, नफे सिंह, शमशेर सिंह कुंडू, राम मेहर, पवन कुमार, मनजीत कुमार, दीपक कुमार, कुलदीप कुमार, शाम लाल, अग्रेज सिंह और श्री राम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### पानी बर्बादी विभाग सख्त, सर्विस स्टेशन संचालकों को दिए निर्देश

**सिरसा।** पेयजल की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सिरसा ऑटो मार्केट तथा रानियां क्षेत्र में विशेष जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाड़ियों की धुलाई में पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए सर्विस स्टेशन संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सिरसा ऑटो मार्केट में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम ने उन सर्विस स्टेशनों का निरीक्षण किया, जहां वाहनों की धुलाई के दौरान पाइपों से लगातार पानी बहाया जा रहा था। टीम ने संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पेयजल को व्यर्थ न बहाया जाए तथा पानी की अनावश्यक खपत से बचा जाए। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में जल की बर्बादी पाए जाने पर संबंधित जल कनेक्शन काटने सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान जिला सलाहकार राकेश सोगलान, बीआरसी राजेश कुमार, प्रेम कुमार तथा सीताराम मौजूद रहे। जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्लंबर एवं बिल वितरक भी टीम के साथ शामिल रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों एवं ग्राहकों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी



के मौसम में पानी बचाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। रानियां में भी विभागीय टीम द्वारा सर्विस स्टेशनों का निरीक्षण कर पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए संचालकों को चेतावनी दी गई। टीम ने स्पष्ट किया कि गाड़ियों की धुलाई के दौरान पानी की बर्बादी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर डब्ल्यूएसएसओ के बीआरसी डॉ. बलदेव राज तथा सुनील कुमार ने संबंधित सर्विस स्टेशन संचालकों को नोटिस वितरित किए।



**फतेहाबाद।** इनेलो के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते जिला प्रधान व अन्य कार्यकर्ता।

# अमन मीडिया प्रभारी व रमेश अरोड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

## इनेलो ने फतेहाबाद में किया संगठन विस्तार

- नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

इनेलो की बैठक आज जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक के दौरान जहां वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर गंभीर चर्चा हुई, वहीं सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार करते हुए कई युवा नेताओं को बड़ी और अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। इनेलो ने अमन शर्मा की कार्यकुशलता पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है, ताकि पार्टी की नीतियों को जनता तक और मुखरता से पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही, रमेश अरोड़ा को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शहरी की महत्वपूर्ण कमान सौंपी गई है। इसके अलावा डा. सुनील कंबोज को डॉक्टर सेल में महासचिव, अनूप जाखड़ को युवा जिला महासचिव और प्रदीप माजरा को युवा हलका सचिव के पद पर तैनात किया गया है। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली ने कहा कि ये नियुक्तियां नेताओं की पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा, लंबे संघर्ष और जमीनी मेहनत को देखकर की गई हैं। उन्होंने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश झाझड़ा, हलका प्रधान अंगद ढींगसरा, बीसी सेल के प्रधान भागीराम सोनी, डॉक्टर सेल के जिला प्रधान डॉ. नफे सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा जिला युवा प्रधान नरेन पोटलिया, कर्मचारी सेल के जिला प्रधान रामस्वरूप दुग्गल, लीगल सेल के जिला प्रधान एडवोकेट सुधीर गढ़वाल, हलका प्रधान सुशीला पिलानिया, उन्नत बेनीवाल, बलविंदर ग्रेवाल और शिव मेचू ने नए पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# डीएवी पुलिस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने योग दिवस कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद के एनसीसी कैडेट्स ने एमएसएमडी कॉलेज, बहबलपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के निर्देशन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कैडेट्स ने पूर्ण अनुशासन एवं उत्साह के साथ सभी



कार्यक्रम में भाग लेते डीएवी पुलिस स्कूल की एनसीसी कैडेट्स।

गतिविधियों में भाग लिया तथा योग के महत्व को समझा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने अपने उत्कृष्ट अनुशासन, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या अमिता सिंह ने कैडेट्स को इस सफल सहभागिता के लिए बधाई दी तथा उन्हें नियमित रूप से योग अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य, शांति एवं सकारात्मक जीवनशैली का संदेश देने में सफल रहा।

# ऑटो म्यूटेशन सिस्टम व पेपरलेस रजिस्ट्रेशन का शुभारंभ आज

- राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी और सरल बनाना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला की सभी तहसील व सब तहसील में ऑटो म्यूटेशन सिस्टम तथा पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ होने जा रहा है। राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल एवं नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से 23 जून, मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिला स्तर पर भी कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं व्यापक जन-जागरूकता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। डीसी ने बताया कि ऑटो म्यूटेशन सिस्टम लागू होने से संपत्ति पंजीकरण के उपरांत नामांतरण (म्यूटेशन) की प्रक्रिया स्वतः और अधिक त्वरित रूप से संपन्न होगी, जिससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वहीं पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाया जाएगा।

### उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन नागरिक-केंद्रित पहलों की जानकारी अधिकतम लोगों तक पहुंचाई जाए। इसके अतिरिक्त लंबित म्यूटेशन मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि पुराने लंबित मामलों, विशेषकर सरल प्रकृति के म्यूटेशन प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लंबित मामलों की संख्या को न्यूनतम स्तर तक लाने के लिए विशेष अभियान चलाकर अधिकतम मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि इन नई व्यवस्थाओं से राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी, प्रक्रियाओं में तेजी आएगी तथा आम नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



# सिरसा में अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा

## अतिक्रमणकारियों ने किया विरोध, एक घंटे में हटाई झुग्गियां

- लंबित शिकायतों और नोटिसों के बाद की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

नगर परिषद प्रशासन ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान में एक बार फिर सख्ती दिखाई है। सोमवार को नगर परिषद के अधिकारियों ने भारी विरोध के बीच बरनाला रोड स्थित सरकारी कॉलेज के सामने की अवैध झुग्गी-झोपड़ियों और अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया। नगर परिषद और संबंधित विभाग की टीम ने जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई लंबे समय से लंबित शिकायतों और नोटिसों के बाद की गई। प्रशासन ने पहले कई बार प्रभावित लोगों को अतिक्रमण हटाने का मौका दिया था, लेकिन जब वे नहीं माने तो बिना किसी सिफारिश या दबाव के एक्शन लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया नगर परिषद की टीम सुबह-सुबह टीम और देखते-देखते कार्रवाई पूरी की गई। उल्लेखनीय है कि सरकारी कॉलेज के सामने की सडक़ और आसपास की जगह पर अवैध कब्जे से यातायात बाधित हो रहा था। छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही थी। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास योजनाओं के तहत शहर को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने का जिला प्रशासन का लक्ष्य है।

### लोगों ने किया विरोध, अधिकारी नहीं हुए टस से मस

नगर परिषद के अधिकारी जब पीला पंजा लेकर राजकीय कॉलेज के सामने पहुंचे तो झुग्गी में रहने वाले लोगों ने बच्चों को आगे कर प्रशासन की कार्रवाई के विरोध का प्रयास किया, लेकिन नगर परिषद के अधिकारी टस से मस नहीं हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि कई बार अप्रिय घटनाएं हो जाती है जिससे प्रशासन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रभावित हुए लोगों को पहले ही 10 दिन का समय दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह सब जनहित




में किया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित लोगों को सलाह दी कि वे अन्य वैकल्पिक खाली स्थानों का चयन कर अपनी व्यवस्था करें।

# आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाए आमजनः सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला नागरिक अस्पताल में सोमवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 से अधिक लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी ने बताया कि शिविर में आमजन को आयुष्मान भारत योजना के लाभ जैसे कि सरकारी अस्पताल में मिलने वाली सुविधा और प्राइवेट हॉस्पिटलों में मिलने वाली सुविधा के बारे में अधिक लोगो को विस्तार पूर्वक बताया गया है। इस मौके पर आयुष्मान मित्रों के द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को हरियाणा सरकार के द्वारा मिलने वाले सुविधा वय वंदना कार्ड की जानकारी दी गई। आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोसिंघाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानियां, उपमंडल नागरिक अस्पताल ऐलनाबाद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाथूसरी चोपटा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागुढ़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौटाला, उपमंडल नागरिक अस्पताल डबवाली इस तरह से कुल 36 सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।



**सिरसा।** जनकल्याण शिविर में लोगों को जागरुक करते हुए।



### धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 दिन के साधकों को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित श्री श्याम पार्क में ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एक जून से चल रहे योग प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पार्षद अनिल गर्ग और सोसाइटी के प्रधान मोहित सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष गोयल एवं जयदेव बंसल ने की। समारोह के दौरान योगाचार्य आशीष बंसल और मंजू चोपड़ा ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। साथ ही योग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों को सोसाइटी की ओर से सम्मानित किया गया। पिछले 21 दिनों से नियमित रूप से योग शिविर में भाग लेने वाले सभी साधकों को ग्रीन पार्क निवासी एवं श्याम पेंट्स जीटी रोड के संचालक श्याम गर्ग की ओर से दीवार घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नशामुक्ति सेना की फतेहाबाद ब्लॉक कार्यकारिणी का ऐलान, ललित बने अध्यक्ष

# पुलिस कर्मियों पर एसपी का एक्शन सराहनीय : भवानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नशामुक्ति सेना ने क्षेत्र को पूरी तरह से नशामुक्त बनाने और युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आईसीएस कोचिंग सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए नशामुक्ति सेना के प्रमुख व संस्थापक भवानी सिंह ने संगठन की फतेहाबाद ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए भवानी सिंह ने फतेहाबाद की एसपी निकिता खट्टर द्वारा हाल ही में किए गए कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद थाने के मालखाने से शराब गायब होने के मामले में एसपी द्वारा उठाया गया कदम अत्यंत सराहनीय है। पूरे थाने के स्टाफ का ट्रांसफर करना एक ऐतिहासिक और कड़ा निर्णय है। इस कार्रवाई से एसपी ने साफ संदेश दिया है कि समाज को नशामुक्त बनाने में जो भी बाधा होगा, चाहे वह उनके अपने विभाग के कर्मचारी ही क्यों न हों, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। भवानी सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से उन पुलिस कर्मचारियों में भय पैदा होगा जो नशा तस्करों के साथ मिलीभगत रखते हैं।



**फतेहाबाद।** नशामुक्ति सेना की ब्लाक कार्यकारिणी घोषित करते भवानी सिंह व अन्य पदाधिकारी।

### फतेहाबाद ब्लॉक की नई कार्यकारिणी

संस्थापक भवानी सिंह और जिला अध्यक्ष मोहन गढ़वाल के मार्गदर्शन में नई ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें ललित को ब्लाक अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसके अलावा हवासिंह, अनिल सैनी, मेवा सिंह, किरण पाल, पार्षद निर्मल सिवाच व सनी शर्मा को उपाध्यक्ष, राजेश व कपिल बोसवाल को ब्लॉक महामन्त्री, सौरभ रति, नीरज सरदाना, बलजिन्द्र, ईश्वर अकांवाली व मुकेश सोनी को ब्लॉक सचिव, प्रवीण राव, अजय खानमोहम्मद, मुश्ताक, दारा सिंह बीघड़,, आजाद को सह-सचिव, दीनू को कोषाध्यक्ष तथा ललित जग्गा को लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को गांव रामपुरा तहसील रावतसर राजस्थान क्षेत्र से काबू कर लिया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं आया। अदालत ने आरोपी मनीराम को 31 अगस्त 2024 को पी.ओ. घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के बीएनएस की धारा 209 के तहत मामला दर्ज कर जांच पी.ओ. स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### जन-शिक्षण संस्थान हुआ योग दिवस कार्यक्रम

**कालांवाली।** कालांवाली जन-शिक्षण संस्थान सिरसा द्वारा शहर के मॉडल टाऊन में संचालित प्रशिक्षण केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति से योग शिक्षिका किरण गर्ग, अध्यापिका अंजू बाला द्वारा केंद्र की छात्राओं को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान अभ्यासों का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### सूफी संत सरकार ट्रस्ट की पीर दहगाह में बैठक

**सिरसा।** सूफी संत सरकार लखदाता पीर ट्रस्ट की बैठक मल्लेकां के डेरा गोंसपाक पीर दरगाह में हुई। बैठक के दौरान ट्रस्ट द्वारा पिछले वर्षों में किए गए सामाजिक और धार्मिक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। संस्था के आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा संगत पारदर्शी तरीके से रखा गया। मुख्यातिथि प्रो. बलदेव सिंह चीमा, जिला प्रधान बलविंद्र सिंह, उप बलजीत सिंह, कर्म सिंह, गुरचरण लहरी सूफी संतों, पीरों के दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### एडीसी ने सुनी समाधान शिविर में शिकायतें

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी आदर्शदीप सिंह भी मौजूद थे। समाधान शिविर में 10 शिकायतें आई। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एडीसी अर्पित संगल ने शिविर में पहुंचकर एक-एक कर शिकायतकर्ताओं को सुना।

### पौधरोपण से ही सुरक्षित होगा भविष्यः तहसीलदार

**सिरसा।** सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत सोमवार को वन विभाग द्वारा डबवाली एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तहसीलदार सुनील कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा देशभर में पर्यावरण , जल संरक्षण और हरित विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

## 20 दिनों से भारी कटौती से फसलें सूखने की कगार पर

# बिजली संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम

**अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप, मौके पर पहुंची पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के टोहाना क्षेत्र में पिछले करीब तीन हफ्तों से चल रही अघोषित बिजली कटौती से गुस्साए ग्रामीणों और किसानों के सब्र का बांध सोमवार को आखिरकार टूट गया। खेतों के लिए तय शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने और भीषण गर्मी में फसलों के सूखने की कगार पर पहुंचने से परेशान होकर ग्रामीणों ने चंदड़ और ठरवा बस स्टैंड के पास मुख्य सडक़ पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने बिजली निगम और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। सडक़ जाम होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



**फतेहाबाद।** टोहाना में बिजली संकट को लेकर रोड जाम करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### 20 दिन से फसलें प्यासी, अधिकारी बेपरवाह, खेतों में ट्यूबवैल बंद

जाम का नेतृत्व कर रहे गांव इंदाछोई के पूर्व सरपंच जीवन और ग्रामीण सुरेश कुमार ने बताया कि पिछले 20 दिनों से ग्रामीण और कृषि फीडर पर बिजली की भारी कटौती की जा रही है। इस चिलचिलाती और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी में पर्याप्त बिजली न मिलने से जहां आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं किसानों की रातों की नींद उड़ गई है। प्रदर्शनकारी किसानों ने रोष जताते हुए कहा कि खेतों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी मेहनत और फसलें खेतों में ही दम तोड़ रही हैं। हाल ही उन्होंने जीरी की फसल लगाई है। ऊपर से प्री मानसून की बारिश भी नहीं हो रही। ऐसे में पानी की आवश्यकता है। बिजली न होने से ट्यूब्वैल बंद पड़े हैं। डीजल भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा। ऐसे में उनकी फसल नष्ट हो जाएगी और किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।



### सप्लाई दुरुस्त होने तक जारी रहेगा आंदोलन

प्रदर्शन कर रहे गांव चंदड़ के किसान रामनिवास ने कहा कि पिछले दिनों अंधड़ व बारिश के कारण कई जगह बिजली की बड़ी लाइन टूटकर गिर गई थी। बार-बार उन्होंने विभाग के एसडीओ व जेई को शिकायत दी। इसके बावजूद यहां बिजली सप्लाई सही करने के लिए कोई कर्मचारी नहीं भेजे गए। अब धान की फसल को पानी की सख्त जरूरत है। ऊपर से भीषण गर्मी में घरेलू जरूरतें भी हैं। बिजली न होने से वह पूरा दिन बेकार में बैठे रहते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमने बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता और एसडीओ सहित तमाम आला अधिकारियों के चक्कर काटे और लिखित शिकायतें दीं, लेकिन हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रशासन ने हमें मजबूरन सडक़ पर उतरने के लिए मजबूर किया है। जब तक बिजली की सुचारू आपूर्ति बहाल नहीं होती, हमारा यह प्रदर्शन जारी रहेगा। रंगोई और आसपास के मुख्य मार्ग पर जाम की सूचना मिलते ही टोहाना सदर थाना प्रभारी वीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी किसानों और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया और बिजली निगम के अधिकारियों से बात कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## एसआईआर में शिक्षकों पर दबाव पर में संघ ने सौंपा ज्ञापन



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन के बाद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ के प्रतिनिधि।

- अनावश्यक दबाव और एफआईआर की धमकियां बंद करे प्रशासन, वरना होगा राज्यव्यापी आंदोलन : राजपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसआईआर कार्य में जुटे शिक्षकों पर अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे मानसिक दबाव के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के बैनर तले भारी संख्या में शिक्षकों ने लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित होकर जोरदार रोष प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला प्रधान राजपाल मिताथल की अध्यक्षता और जिला सचिव देसराज माचरा के संचालन में हुए इस प्रदर्शन के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने डीसी से मुलाकात कर चुनाव आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इनेलो के जिला प्रधान बीकर सिंह हडौली ने भी मौके पर पहुंचकर शिक्षकों को अपना पूर्ण समर्थन दिया।संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने कहा कि 15 जून से जारी एसआईआर कार्य के कारण स्कूलों में अध्यापकों की भारी कमी हो गई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्य के लिए एक महीने का समय निर्धारित है, लेकिन अधिकारी जल्दबाजी के लिए शिक्षकों पर अवांछित दबाव बना रहे हैं, स्पष्टीकरण मांग रहे हैं और एफआईआर दर्ज कराने की धमकियां दे रहे हैं।

### दिव्यांगों की लगाई ड्यूटी

उन्होंने कहा कि बिना किसी सहायक या तकनीकी कर्मचारी के अकेले बीएलओ के लिए यह काम करना बेहद मुश्किल है। नियमों को ताक पर रखकर दिव्यांग शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है, जो पूरी तरह अमानवीय है। संघ के राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद और सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव रामनिवास शर्मा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य करवाना कानूनन गलत है। संघ ने मांग की है कि इस कार्य के लिए शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्त किया जाए ताकि उन्हें रोजगार मिले ।

## एनीमिया मुक्त भारत को लेकर समीक्षा बैठक, अधिकारियों को लक्ष्य हासिल के निर्देश

- गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर सोमवार को डबवाली उपमंडल अधिकारी कार्यालय में त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बच्चों, किशोर-किशोरियों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं में एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों के वितरण, कृमि मुक्ति अभियान, एनीमिया की जांच, पोषण संबंधी परामर्श तथा जन-जागरूकता गतिविधियों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया।



**सिरसा।** त्रैमासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।

### प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यपान जरूरी : भजनलाल

**सिरसा।** सहायक निर्वाचन अधिकारी कालांवाली भजनलाल शर्मा ने बूथ नंबर 149 का निरीक्षण कर मतदाता पुनरीक्षण अभियान संबंधी कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के सत्यापन, पात्र नागरिकों के नए वोट बनवाने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के कार्य पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडऩे तथा अपात्र प्रविष्टियों को पूरी गंभीरता से हटाए।

## महात्मा बुद्ध योग संस्थान में योगाचार्य नरेंद्र योगी ने करवाई योगिक क्रियाएं

- श्रीमत सिटी सेंटर का योग शिविर अब 28 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा महात्मा बुद्ध योग संस्थान के सहयोग से रेलवे पार्क में आयोजित किए गए साप्ताहिक योग शिविर में योग साधकों के भारी रूझान को देखते हुए संस्थान द्वारा एक सप्ताह के बढ़ा दिया गया है, अब यह योग शिविर 28 जून तक जारी रहेगा। योग शिविर के आठवें दिन सोमवार को योगाचार्य नरेंद्र योगी ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाई। साप्ताहिक योग शिविर में योग साधकों की अपार भीड़ को देखते हुए श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर राजीव जैन व संजीव जैन एडवोकेट ने योगाचार्य नरेंद्र योगी से शिविर को एक सप्ताह तक और जारी रखने का आग्रह किया, जिसे योगाचार्य ने सहर्ष स्वीकार किया। रेलवे पार्क में आयोजित इस योग शिविर में योग साधक बड़ी ऊर्जा के साथ हिस्सा ले रहें है। योगी ने विभिन्न योगिक क्रियाएं तितली आसन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम कराया।



**सिरसा।** शिविर में योगा करते हुए शहरवासी।

## हितार्थ गोयल ने राज्य शतरंज प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

- 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-7 में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शतरंज खिलाड़ी हितार्थ गोयल ने बीती 20-21 जून 2026 को करनाल में आयोजित 30वीं हरियाणा स्टेट अंडर-7 ओपन शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ उन्होंने आगामी राष्ट्रीय अंडर-7 शतरंज चैंपियनशिप के लिए भी अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। हितार्थ ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के कई मजबूत खिलाडिय़ों को पीछे छोड़ा। उनकी इस उपलब्धि से सिरसा तथा हरियाणा के शतरंज जगत में खुशी की लहर है। हितार्थ के पिता हेमंत गोयल ने बताया कि हितार्थ शतरंज के प्रति समर्पित है। वह इससे पूर्व भी कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है।



### सड़कें उखडऩे से बढ़ी परेशानी धूल-गड्ढों से लोग परेशानः शर्मा

**सिरसा।** शहर में स्टॉर्म वॉटर प्रोजेक्ट- 2 के तहत कई प्रमुख सडक़ों को उखाड़ दिए जाने के बाद आम लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि सडक़ों की खुदाई के बाद मिट्टी को सही तरीके से दबाया तक नहीं गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में धूल और गड्ढों का साम्राज्य फैल गया है। शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुई प्री मानसून की पहली बारिश के कारण खुदाई वाली जगहों पर मिट्टी धंसने से कई वाहन फस गए, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट के तहत खुदाई की गई सडक़ों पर दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे दुकानदारों की शामत आ गई है। लगातार उड़ती धूल के कारण दुकानों पर ग्राहक कम आ रहे हैं, जिससे उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पहले जहां दिनभर बाजार में रौनक रहती थी, अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ नजर आता है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि धूल और गड्ढों के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी खतरा बढ़ गया है।

### यूरिया व डीएपी खाद की कमी प्रदेश का किसान परेशानः सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में यूरिया और डीएपी खाद की किल्लत ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हर बिजाई सीजन में किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, जबकि सरकार नए-नए पोर्टल, सत्यापन और नियम लागू करने में व्यस्त दिखाई देती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार के पास मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, राजस्व रिकॉर्ड और किसानों की कृषि योग्य भूमि का पूरा विवरण उपलब्ध है। इसके बावजूद किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। प्रदेश के अनेक जिलों से खाद की कमी, लंबी लाइनों और किसानों की परेशानी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। सांसद ने कहा कि यदि सरकार के पास प्रत्येक किसान की भूमि और फसल का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है तो उसी आधार पर पहले से खाद की मांग का आकलन कर खाद उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। किसानों की वास्तविक जरूरतों का समाधान किया जाना चाहिए।

### ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का विस्तार रघुवीर और सुलतान शर्मा बने उपप्रधान

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण महासभा की सोमवार को बैठक हुई, जिसमें नए सदस्य बनाने, कार्यकारिणी विस्तार, पदाधिकारियों के चयन, नए पदों के सृजन विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। नए पद सृजित करते हुए वरिष्ठ सलाहकार के रूप में पत्रकार इंद्रमोहन शर्मा, हुकम चंद सांखी, अशोक उपाध्याय को सम्मिलित किया गया। वरिष्ठ उपप्रधान ग्रामीण पद पर रवि शर्मा जमाल को शामिल किया गया। उपप्रधान के रूप में रघुवीर शर्मा, सुलतान शर्मा, सुभाष शर्मा, सुशील शर्मा ठेकेदार, रामकुमार पारीक, त्रिलोक शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, रीतेश जोशी व संयुक्त सचिव के रूप में संजय दाधीच, संगठन सचिव धर्मपाल शर्मा, प्रचार सचिव मोहित जोशी का चयन किया गया व ब्लॉक स्तर पर ब्राह्मण महासभा का विस्तार करके संगठन को मजबूत बनाने व ब्लॉक स्तर पर नए सदस्य व पदाधिकारी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में रोशनलाल वशिष्ठ, सुरेश गौतम, हीरालाल शर्मा आदि ब्राह्मण समाज के गणमान्य मौजूद थे।



**सिरसा।** श्री ब्राह्मण महासभा की बैठक में भाग लेते सदस्य।

### चूरापोस्त की खेप पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने ओढां क्षेत्र से चूरापोस्त की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस के अनुसार बरामद चूरापोस्त की करीब साढ़े सात लाख रुपये आकी गई है। तीन नशा तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। डबवाली की पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर ने सोमवार को बताया कि सीआईए डबवाली पुलिस सूचना मिली कि ओढां क्षेत्र में नशे की खेप पहुंचाई जा रही है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तीन लोगों को 51 किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू कर लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा जिले निवासी विक्रम, सुभाष व ओमप्रकाश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान ओढां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि विक्रम व सुभाष चूरापोस्त बेचने की फिराक में हैं। पुलिस कार सवार विक्रम व सुभाष चूरापोस्त सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ओमप्रकाश को चूरापोस्त बेचने था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खरीदार ओमप्रकाश को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ ओढां थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## सड़कों पर बिखरते सपनों के बीच एसपी की भावुक अपील

# रफ्तार का रोमांच : इस साल 88 हादसों में 38 लोगों ने गंवाई जान

**घर पर कोई कर रहा है इंतजार, रफ्तार नहीं जिम्मेदारी चुनिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सडक़ पर दौड़ता हर वाहन सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि किसी परिवार की उम्मीदों और खुशियों का सफर होता है। लेकिन पल भर की लापरवाही इस सफर को ताउम्र के आंसुओं में बदल देती है। फतेहाबाद में लगातार बढ़ रहे सडक़ हादसों के ग्राफ और हाल ही में हुए दर्दनाक हादसों से विचलित होकर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिलावासियों से एक बेहद भावुक और मानवीय अपील की है।



एसपी निकिता खट्टर।

एसपी ने दोटूक शब्दों में कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक और सामाजिक दायित्व है।

### सरकारी आंकड़े नहीं, ये उजड़ते परिवारों की चीखें हैं

जिले में सडक़ हादसों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2025 में फतेहाबाद में कुल 228 सडक़ दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 187 लोग गंभीर रूप से घायल हुए और 94 लोगों की असमय मौत हो गई। वहीं, साल 2026 में भी यह खूनी खेल थमा नहीं है; इस साल अब तक 88 हादसे हो चुके हैं, जिनमें 78 लोग अस्पताल पहुंचे और 38 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। एसपी ने कहा कि ये सिर्फ कागजी संख्या नहीं हैं, बल्कि यह उन घरों की कहानी है जिनकी मुस्कान हमेशा के लिए छिन गई। हाल ही में राजस्थान के डूंगरगढ़ के पास मताना निवासी परिवार के साथ हुए हादसे और टोहाना के अमानी के समीप हुई भीषण बस दुर्घटना का जिक्र करते हुए एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि इन हादसों ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। एक छोटी सी असावधानी से पूरा का पूरा परिवार बिखर गया, सपने टूट गए। यह पूरे समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने कहा कि जब आप घर से निकलते हैं, तो आपका परिवार आपकी सुरक्षित वापसी की दुआ करता है। कुछ मिनट पहले पहुंचने की होड़ जिंदगी से बड़ी नहीं हो सकती।

### ये 7 गलतियां बन रही हैं काल

पुलिस अधीक्षक ने सडक़ दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों को रेखांकित करते हुए चालकों को इनसे बचने की हिदायत दी है :

1. तेज रफ्तार : निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करना।
2. नशे में ड्राइविंग : शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन करके स्टीयरिंग थामना।
3. मोबाइल का इस्तेमाल : वाहन चलाते समय फोन पर बात करना या चैटिंग।
4. रॉन्ग साइड ड्राइविंग : शॉर्टकट के चक्कर में गलत दिशा में जाना।
5. नियमों की अनदेखी : ट्रैफिक सिग्नलों और सडक़ों के संकेतों को न मानना।
6. खतरनाक ओवरटेकिंग : बिना दूरी का अंदाजा लगाए आगे निकलने की होड़।
7. नाबालिगों को वाहन : कम उम्र के बच्चों के हाथों में बाइक या कार सौंपना।

### हेलमेट-सीट बेल्ट हैं मौत से बचने के कवच

दोपहिया वाहन चालकों पीछे बैठने वाले सहित को आईएसआई मार्क हेलमेट पहनने और कार सवारों को सीट बेल्ट लगाने की सख्त हिदायत देते हुए एसपी ने कहा कि इन्हें पुलिस के डर या चालान से बचने का जरिया न समझें। यह आपके जीवन की सुरक्षा का सबसे मजबूत कवच है। इसके साथ ही उन्होंने लेन अनुशासन का पालन करने और रात, बरसात या धूलभरी आंधी के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की। एसपी ने जिलावासियों का आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर संकल्प लें कि न सिर्फ स्वयं नियमों का पालन करेंगे, बल्कि अपने परिवार को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।